हिन्दी मिलाप

एनवीएस रेड्डी ने किया लेखा परीक्षण सप्ताह का उद्घाटन

दीप प्रज्ज्वलित कर लेखा परीक्षण सप्ताह का उद्घाटन करते हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड (एचएमआरएल) के प्रबंध निदेशक एनवीएस रेड्डी।

हैदराबाद, 18 नवंबर-(मिलाप ब्यूरो) हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड (एचएमआरएल) के प्रबंध निदेशक एनवीएस रेड्डी ने आज महालेखाकार (एजी) हैदराबाद कार्यालय में लेखा परीक्षण सप्ताह का उद्घाटन किया।

एचएमएसआरएल के प्रबंध निदेशक एनवीएस रेड्डी ने महालेखाकार (एजी) कार्यालय में लेखा परीक्षण सप्ताह के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था में लेखा परीक्षा और लेखा विभाग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभिन्न परियोजनाओं पर सरकार के खर्च की सही जांच करने के उद्देश्य से काम कर रही कैग जनता के पैसे का भरपूर उपयोग करेगी और इन साप्ताहिक कार्यक्रमों के जरिए लोगों में जागरूकता पैदा करेगी।

एनवीएस रेड्डी ने कहा कि आर्थिक विकास के चरण में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और उनका प्रभावी ढंग से सामना करने का तंत्र सभी विभागों में तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने हैदराबाद मेट्रो रेल के उत्थान में आने वाली कई समस्याओं और चुनौतियों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेट्रो के दूसरे चरण का प्रस्ताव तैयार कर राज्य मंत्रिपरिषद की सहमति से केन्द्र को भेज दिया गया है। इस दूसरे चरण में पहले चरण में आर्थिक और सामाजिक रूप से सामने आई कई समस्याओं को दूर करने के लिए और अधिक मजबूत प्रस्ताव बनाए गए हैं।

क्षेत्रीय क्षमता निर्माण संस्थान की महानिदेशक सी. शैलजा, तेलंगाना की प्रधान महालेखाकार चंदा पंडित, लेखापरीक्षा महानिदेशक (केंद्रीय) हेमा मुनिवेंकटप्पा, महालेखाकार लेखापरीक्षा पी. माधवी, वाणिज्यिक लेखापरीक्षा के प्रधान निदेशक वी.एम.वी. नवल किशोर ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।